# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{04 चैत्र, 1947 (शा०)}}{\text{25 मार्च, 2025 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 03

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | - | - | 02 |
| (2) | समाज कल्याण विभाग | - | - | 01 |
| | | | कुल योग -- | 03 |

सरकारी योजनाओं का लाभ

''क''-7. श्री अरूण शंकर प्रसाद (खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''उदासीनता 22.5 लाख बच्चों का नहीं बना आधार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्ष 2024-25 में वर्ग एक से बारहवीं तक के एक करोड़ 80 लाख बच्चों का नामांकन हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि करीब एक करोड़ 58 लाख बच्चों का आधार नम्बर के साथ सरकारी विद्यालयों में नामांकन हुआ है तथा 22 लाख 50 हजार बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन सका है जिस कारण इन बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त बच्चों का आधार कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बच्चों का स्वास्थ्य आई0डी0 बनाना

16. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा)--दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''एक तिहाई सेविकाओं को बच्चों के स्वास्थ्य आई0डी0 की जानकारी नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी आँगनबाड़ी केन्द्र पर नामांकित छः वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य आई0डी0 बनाने की शुरूआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी परंतु दो साल बीत जाने के बाद भी 10 प्रतिशत बच्चों का भी आई0डी0 नहीं बन पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी बच्चों का स्वास्थ्य आई0डी0 बनाने की कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन के माध्यम से लाभुकों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (ABHA ID) बनाने का प्रावधान फरवरी, 2024 से किया गया था, जिसमें लाभुक का स्वयं का आधार कार्ड होना आवश्यक था ।

ABHA ID बच्चे का स्वयं का आधार होने पर ही बनता है एवं राज्य में 6 वर्ष से छोटे बच्चों का आधार निर्माण का प्रतिशत बहुत कम होने के कारण बच्चों का ABHA ID कम बना है ।

अभीतक आँगनबाड़ी केन्द्र के लगभग 3.42 लाख लाभुकों का ABHA ID बना है, जिसमें 0-6 वर्ष के कुल 94690 बच्चे हैं ।

बच्चों का ABHA ID बनाने से संबंधित बाधा को दूर करने हेतु भारत सरकार द्वारा माह फरवरी, 2025 से पोषण ट्रैकर में बच्चों के माता/पिता के आधार नम्बर पर ABHA ID बनाने का प्रावधान किया गया है ।

इस संदर्भ में राज्य स्तर पर मास्टर प्रशिक्षकों यथा जिला समन्वयक/प्रखंड समन्वयक/चयनित महिला पर्यवेक्षिका को प्रशिक्षित करते हुये उक्त प्रशिक्षकों के द्वारा ABHA ID बनाने संबंधी प्रशिक्षण सभी सेविकाओं को दिया गया है ।

---

नोट-''क''-दिनांक 18 मार्च, 2025 को सदन से शिक्षा विभाग में स्थगित ।

योजना राशि का भुगतान

17. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी स्कूलों के 10 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के डाटाबेस में गलती रहने के कारण छात्रवृत्ति, पोशाक राशि, साइकिल योजना का पैसा समय पर नहीं पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डाटाबेस को ठीक कर सभी वंचित छात्र-छात्राओं के खातों में छात्रवृत्ति, पोशाक एवं साइकिल योजना की राशि भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि 1029730 (दस लाख उनतीस हजार सात सौ तीस) छात्र-छात्राओं के विरुद्ध कुल 966791 (नौ लाख छियासठ हजार सात सौ इक्यानबे) छात्र-छात्राओं का त्रुटिपूर्ण आँकड़ा को सही कर लिया गया है, जिसका छात्रवृत्ति, पोशाक एवं साइकिल योजनाओं के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं के खाते में राशि भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है ।

--------

पटना :
दिनांक 25 मार्च, 2025 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 102(एल0ए0), 2024-25-डी0टी0पी0-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025